RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty, well Quipped Labs, CCTV Controlled Environment, Activity Based Learning, Well Equipped Library, GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 303 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 24 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# उत्तर प्रदेश की पंचायतें ही बनेंगी आत्मनिर्भर भारत की नींव : योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी-अपनी ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर और स्मार्ट बनाएं। आज पारदर्शी तरीके से नियुक्ति पा रहे युवाओं से एक अपेक्षा है कि ग्राम पंचायत अधिकारी की जिम्मेदारी बड़ी होती है। गांधी जी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने की इकाई ग्राम पंचायत ही है। पीएम मोदी ने भी 2047 में आत्मनिर्भर और विकसित भारत की बात की है। इसकी नींव पंचायतें ही बनेगी। ग्राम पंचायतों को काफी अधिकार दिए गए हैं। आज 57 हजार ग्राम पंचायत के अपने भवन और इंटरनेट, वाईफाई सुविधा भी है। आपको गांव की समस्या का समाधान वहीं पर करना है। लोगों को जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र वहीं मिले।



उन्होंने कहा कि गांव को आत्मनिर्भर बनाएं सिर्फ सरकार पर ही न निर्भर रहें। खुद के आय के स्रोत विकसित करें। गांव की जमीन होगी, बाजार होगा, दुकान होगी, तालाब होगा, इसका आय बढ़ाने में प्रयोग करें। तालाब में ड्रेनेज न हो, उसमें मछली पालन करें। गांव में कूड़ा निस्तारण, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरा, पब्लिक एड्रेस सिस्टम हो। गांव स्मार्ट भी होगा, आत्मनिर्भर भी बनेगा। आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिले, इसके लिए काम करें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपको सुविधा भी देगी और संरक्षण भी लेकिन आपको आम जनता के प्रति जवाबदेह बनना होगा। ग्राम पंचायत को रोल मॉडल बनाना होगा। गांव में कम्युनिटी सेंटर बनाकर यूजर चार्ज लें। सामुदायिक शौचालय को साफ रखें। अगर सरकार के पास आय नहीं होगी तो 12 लाख कर्मचारियों को वेतन, पेंशन कैसे दिया जाएगा और प्रदेश का विकास कैसे होगा? इन सभी के लिए आदर्श गांव, विकसित गांव और आत्मनिर्भर गांव बनाएं तभी यूपी देश की नंबर एक की अर्थव्यवस्था बनेगा और 2047 में विकसित भारत बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले नियुक्ति पत्र के रूप में आपको उपहार मिल रहा है। पीएम के मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की गई है। पिछले सात साल में 7 लाख की भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने कहा कि अच्छे, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## उपचुनाव के लिए भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में उप चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। भाजपा ने नौ विधानसभा सीटों में से सात पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। उत्तर प्रदेश की एक सीट भाजपा ने पहले ही रालोद को दे दी है। एक सीट निषाद पार्टी के लिए छोड़ी गई है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा के उपचुनाव 13 नवंबर को होंगे। प्रदेश की कुल नौ विधानसभा सीटों पर चुनाव होना है। भाजपा ने अपनी सूची में गाज़ियाबाद विधानसभा सीट से संजीव शर्मा को, करहल से अनुजेश यादव को, कुंदरकी से रामवीर ठाकुर को, खैर से सुरेंद्र दिलेर को, फूलपुर से दीपक पटेल को, कटेहरी से धर्मराज निषाद को प्रत्याशी बनाया है।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश (बीजेपी) ईकाई की ओर से उपचुनाव होने वाली हर एक सीटों के लिए तीन-तीन नामों का पैनल बीजेपी हाईकमान को भेजा गया था। इसके बाद केंद्रीय नेतृत्व ने फ़ैसला लिया है और फाइनल सूची जारी कर दी। दरअसल,उप चुनाव के लिए नामांकन करने की अंतिम तारीख 25 अक्तूबर है। अखिलेश यादव की सपा सात सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। सपा ने अभी तक अपने 'पीडीए' के फार्मूले पर फोकस किया है। वहीं बसपा सुप्रीमो ने उपचुनाव के लिए अधिकतर सीटों पर विधानसभा प्रभारी घोषित कर रखे हैं। बीएसपी ने कुंदरकी से रफतउल्ला, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## सदस्यता अभियान में फिर नोएडा महानगर अव्वल

### क्षेत्रीय अध्यक्ष ने महानगर अध्यक्ष व टीम को दी बधाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नोएडा विधानसभा क्षेत्र ने फिर प्रथम स्थान हासिल किया है। भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने इसके लिए नोएडा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता तथा उनकी पूरी टीम को बधाई दी है।

इस अभियान में नोएडा महानगर ने 174800 सदस्य बनाकर पहला स्थान हासिल किया है। वहीं बुलंदशहर में 136400 सदस्य, दादरी में 125700, गाजियाबाद महानगर में 125100, मुजफ्फरनगर में 109900, साहिबाबाद 106300, अमरोहा में 91000, मुरादाबाद नगर में 92600, मेरठ कैंठ में 91000 तथा बिजनौर में 86000 भाजपा के सदस्य बने हैं।

नोएडा महानगर ने सर्वाधिक सदस्य बनाकर पूरे प्रदेश में अपनी सांगठनिक ताकत तथा क्षमता का परचम फिर लहराया है। इससे पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का उत्साह तथा जोश बढ़ा है।

## 14 कछुओं के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार



**नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस ने आज प्रतिबंधित कुछुए बेचने आई दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 14 कुछुए बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार नोएडा थाना फेस-1 पुलिस ने सूचना के आधार पर सेक्टर-10 से कमलेश व उसकी बेटी ज्योती को गिरफ्तार किया। दोनों महिलाएं उत्तर प्रदेश के मथुरा से यमुना नदी से कछुए पकड़ नोएडा में बेचने के लिए लाई थी। सूत्रों के मुताबिक कछुओं के मीट और सूप के लिए भी होटलों में सप्लाई की जाती है। उनके पास से प्रतिबंधित 14 कछुए बरामद हुए हैं। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि वे मथुरा में यमुना नदी से कछुआ पकड़ती थी तथा दिल्ली एनसीआर में बेचती थी।

## क्राइम फाईल

### चोरी की बाइक समेत दो बदमाश दबोचे

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चाकू भी बरामद हुआ है। पकड़े गए बदमाश चोरी की बाइक पर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी।

शिव शक्ति अपार्टमेंट तिराहे पर मुखबिर ने सूचना दी कि सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन की तरफ दो बदमाश चोरी की बाइक पर घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सेक्टर-71 पेट्रोल पंप की सर्विस रोड पर बाइक पर आ रहे दो युवकों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिसकर्मियों ने (शेष पृष्ठ-4 पर)

### तीन बदमाश गैंगस्टर में निरूद्ध

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गैंगस्टर में निरुद्ध किए गए आरोपी संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे थे। थाना प्रभारी अनुज सैनी ने बताया कि राहुल, रितिक और बंटी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। इस गिरोह का लीडर राहुल है और वही गिरोह को संचालित करता है। गिरोह के सदस्य वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर अवैध तरीके से धन अर्जित करते हैं। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोगबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### लाल सिंह गौतम बने सपा बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**नोएडा (चेतना मंच)।** लाल सिंह गौतम को समाजवादी पार्टी की बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने किया है।



श्री भारती ने लाल सिंह गौतम से अपेक्षा की है कि वे समाज पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुचाएंगे तथा डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों के विचारों को घर-घर तक प्रचारित करेंगे। इसके अलावा वे अधिक से अधिक युवाओं को बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी में जोड़ें तथा समाजवादी पार्टी का परचम हर गांव व सेक्टर में लहराएं। श्री गौतम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर नोएडा के युवाओं में खुशी व्याप्त है।

## कार चालक ने दो इंजीनियरों को कुचला, एक की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के फोर्टिस अस्पताल के पास बीती रात को एक अज्ञात कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क पर पैदल जा रहे दो इंजीनियरों को कुचल दिया। इस घटना में एक की मौत हो गई जबकि एक की हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है।



थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बीती रात को सुभाष पांडे 30 वर्ष तथा नीरज पांडे 30 वर्ष मूल निवासी उत्तराखंड सेक्टर-62 के पास पैदल सड़क पार कर रहे थे, तभी एक अज्ञात कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दिया। गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने नीरज पांडे 30 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया (शेष पृष्ठ-4 पर)

### सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जनपद अलीगढ़ निवासी उमेश कुमार ने थाना बिसरख में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई चंद्रदेव 19 अक्टूबर को घंटाघर से घर लौट रहा था। शाम के समय वह रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने रोड क्रॉस कर रहा था। इस दौरान तेज गति में आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चंद्रदेव सड़क पर गिर गया और ट्रक का अगला (शेष पृष्ठ-4 पर)

## कार की टक्कर में टेम्पो पलटा, चालक गंभीर




**नोएडा (चेतना मंच)।** सेंचुरी मार्ग, सेक्टर-100 पर आज प्रातः 5.30 बजे फिर गंभीर हादसा हुआ। गाड़ी ने पीछे से टैंपो में इतनी तेज टक्कर मारी कि टैंपो ने कई बार पलटी खाई। हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों का आरोप है कि दर्जनों बार प्राधिकरण से यहां ब्लिंकर लाइट लगाने के लिए अनुरोध किया लेकिन वर्षो से ब्लिंकर लाइट /ट्रैफिक का इस्टीमेट ही नहीं बन पा रहा। आखिर और कितनी जान जाने के बाद ये काम होगा। इस घटना के बाद लोगों में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण इस मामले को गंभीरता से लें। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## घर में घुसकर महिला पर हमला महिला समेत तीन पर मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** न्यायालय में चल रहे मुकदमे में फैसला ना करने से गुस्साए पड़ोसियों ने घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की। मारपीट में महिला घायल हो गई। मौके पर लोगों को इकट्ठा होते देखकर आरोपी फैसला न करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने थाना जेवर में पड़ोसी महिला सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने करीब आठ माह बाद यह मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम रनहेरा निवासी कुसुम देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके परिवार का पड़ोस में रहने वाले अशोक आदि से एक मुकदमा जिला न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले में 12 फरवरी 2024 की तारीख लगी थी। इस तारीख पर फैसले के लिए अशोक व उसके परिजन उस पर दबाव बना रहे थे। कुसुम देवी के मुताबिक उसने फैसला करने से इनकार कर दिया। इस बात से गुस्सा होकर अशोक, सपना व सोनम 17 फरवरी (शेष पृष्ठ-4 पर)

## किशोरी व युवती लापता, दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों से एक किशोरी व युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पटवाडी गांव में किराए पर रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी (16 वर्षीय) बेटी 18 अक्टूबर की शाम को घर से मार्केट सामान लेने गई थी। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। उसने अपनी बेटी के मोबाइल पर कई बार फोन किया लेकिन वह स्विच ऑफ मिला। उसने अपने स्तर पर अपनी बेटी की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उसने जब अपनी बेटी के फेसबुक अकाउंट की जांच की तो पता चला कि उसकी जान पहचान मेरठ निवासी विशाल (शेष पृष्ठ-4 पर)




## झूठे हलफनामे पर प्राधिकरण के पूर्व डीजीएम 9 नवंबर को एनजीटी में तलब

**नोएडा (चेतना मंच)।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 17 अक्टूबर को एक सुनवाई के दौरान नोएडा प्राधिकरण के सेवानिवृत्त डीजीएम श्रीपाल भाटी को तलब किया है। शहर में सड़क किनारे हो रहे अवैध टाइल कार्य और 2022 में जमा किए गए झूठे हलफनामे पर ट्रिब्यूनल ने नाराजगी ज़ाहिर की है। अब डीजीएम भाटी को 9 नवंबर को न्यायाधिकरण के सामने हाजिर होना है। इस मामले में एनजीटी ने सीईओ को भी नोटिस जारी किया है।




नोएडा प्राधिकरण ने अनुपालन का दावा किया था, लेकिन याची के अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ ने नोएडा गोल्फ कोर्स, होजरी कॉम्प्लेक्स और नोएडा के विभिन्न सेक्टरों सहित कई स्थानों पर टाइल लगाने का फोटोग्राफिक सबूत प्रस्तुत किया।

न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और डॉ. अफरोज अहमद के नेतृत्व वाली एनजीटी बेंच ने इन गलत बयानों को गंभीर मानते हुए कहा कि नोएडा प्राधिकरण ने न्यायिक आदेशों को धोखे से अपने पक्ष में प्राप्त किया है। अगस्त 2024 में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सीईओ को भी एनजीटी द्वारा तलब किया गया था, जहां एनजीटी के आदेशों का पालन करने के लिए कड़ी हिदायतें दी गई थीं। इसके बावजूद, नोएडा प्राधिकरण 2018 के फुटपाथ दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए सड़क किनारे के हरे भरे क्षेत्रों में 5-6 मीटर तक टाइलें बिछा रहा है, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बाइक सवार झपटमारों ने दो लोगों से मोबाइल लूटे

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक वन क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर बाइक सवार बदमाश ने युवती व युवक से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रेटर नोएडा के डेल्टा-1 सेक्टर में रहने वाली वंदना ने थाना ईकोटेक वन में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 22 अक्टूबर को वह किसी काम से जीबीयू में आई थी। यहां काम खत्म करने के बाद शाम के समय वह जीबीयू के गेट नंबर-1 के सामने खड़े होकर फोन पर बात कर रही थी। इस दौरान पीछे से बाइक पर आया एक बदमाश उसके हाथ से फोन झपटकर ले गया।

मूल रूप से वाराणसी निवासी अक्षत प्रताप सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह शाम के समय जीबीयू से जिम्स की तरफ पैदल जा रहा था। वह अपने एक दोस्त से फोन पर बात कर रहा था। जीबीयू के गेट नंबर-4 के पास पीछे से बाइक पर आया एक बदमाश उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

## हर्षोल्लास के साथ संपन्न चित्रगुप्त भगवान का प्रथम मूर्ति स्थापना दिवस

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के छोटी मिलक स्थित प्राचीन मनोकामना मंदिर मे वर्ष 2023 मे भगवान चित्रगुप्त का पाँच दिवसीय कार्यक्रम के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुआ था और इस वर्ष 2024 मे चित्रांश परिवार के द्वारा प्रथम मूर्ति स्थापना संपन्न हुआ।

स्थापना दिवस की तैयारी चित्रांश परिवार की तरफ़ से पिछले एक महीने से चल रही थी जिसके क्रम मे विग्रह स्थल को कवर कराया गया था साथ ही साथ चित्रगुप्त आरती एवम् स्तुति को विग्रह स्थल मे फ्लैक्स द्वारा स्थापित कराया गया।

पूजा कार्य अजय खरे और डॉ राजीव वर्मा द्वारा संपन्न कराया गया जिसमे



चित्रगुप्त भगवान की कथा का पाठ हुआ और तत्पचात् हवन, आरती और भजन कीर्तन संपन्न हुए। भजन का जिम्मा डॉ दीपक सिन्हा, मनोज श्रीवास्तव, राकेश श्रीवस्तव और मंदिर के व्यवस्थापक पवन द्वारा सम्भाला गया।

कार्यक्रम मे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव, चित्रांश फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव वर्मा के साथ सैकड़ों की संख्या मे नोएडा एक्सटेंशन की अनेकों सोसायटी से भक्त परिवार सहित उपस्थित रहे । विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 3 नवंबर को कलम दवात पूजा की पूजा की जाएगी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा




फ़ोन .08750611103

## गश्त पर समझौता

यह कोई महज संयोग नहीं कि भारत और चीन रूस में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे है। इस निर्णय के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। कूटनीतिक हलकों में संभावना जतायी जा रही है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। कहना गलत न होगा कि सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये एक मंच तैयार कर दिया है। यह एक हकीकत है कि जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी। यहां तक कि दोनों देश द्विपक्षीय बातचीत करने से भी परहेज कर रहे थे। बहरहाल, गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देशों के पास दुनिया को कुछ सकारात्मक दिखाने को तो है। वैसे भी इस गतिरोध के चलते एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में नजर आना पड़ता था। इसके अलावा इस घटनाक्रम से यह संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। वैसे यह उम्मीद करना जल्दबाजी ही होगी कि भारत-चीन सीमा पर जमीनी हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। भारत को भी गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की आदत है। ऐसे में इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र हो। ऐसे में भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम में तेजी से आ रहे बदलावों और महाशक्तियों के निरंकुश व्यवहार के चलते दुनिया फिर दो ध्रुवों में बंटती नजर आ रही है। यही वजह है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन और शी जिनपिंग ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। इस संगठन में नये देशों को शामिल करने की कवायद लगातार जारी है। बहरहाल, चीन की हालिया सकारात्मक पहल के बावजूद भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। अतीत में चीन भारतीय सीमाओं में अतिक्रमण की कोशिश करता रहा है। गलवान में चीनी सैनिकों द्वारा यथास्थिति में एकतरफा बदलाव से ही इस विवाद ने तूल पकड़ा। उसके बाद भारत ने सैन्य व राजनयिक वार्ताओं के जरिये इस विवाद को दूर करने का भरसक प्रयास किया। लेकिन इसके बावजूद डेपसांग और डेमचोक के टकराव वाले बिंदुओं से चीनी सैनिकों की वापसी नहीं की गई। अतीत में देश ने चीनी हठधर्मिता के कई मामले देखे भी हैं। एक ओर चीन बातचीत से समस्या के समाधान की दुहाई देता है तो दूसरी ओर एलएसी के निकट बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण करता रहा है। ऐसे में भारत को भी सतर्कता के चलते बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण करने को बाध्य होना पड़ा। भारत सरकार और रक्षा बलों को चाहिए कि एलएसी पर हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखें। अतीत में भी हमने चीन पर भरोसा करने की कीमत चुकाई है। जिसके जख्म देश महसूस करता रहा है। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार को भी चाहिए कि सीमा की वास्तविक स्थिति से देश को अवगत कराते रहें। विगत में विपक्षी राजनीतिक दल सीमा पर चीनी अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति से देश को अवगत न कराने के आरोप राजग सरकार पर लगाते रहे हैं। वे सरकार के उस तर्क से सहमत नहीं थे कि न कोई हमारी सीमा के अंदर है और न ही हमारी किसी पोस्ट पर कब्जा किया गया है। निस्संदेह, चीनी सीमा की संवेदनशीलता को स्वीकारते हुए जन भावनाओं का सत्ताधीशों को ख्याल रखना चाहिए। बहरहाल,अधिक सतर्कता और पारदर्शिता से भारत को चीन को बात आगे बढ़ाने के लिये प्रेरित करने में मदद मिल सकती है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यह सारे जगत में पूज्य होगी और इसकी सेवा करने से कुछ भी दुर्लभ न होगा। संसार में स्त्रियाँ इसका नाम स्मरण करके पतिव्रता रूपी तलवार की धार पर चढ़ जाएँगी॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सैल सुलच्छन सुता तुम्हारी। सुनहु जे अब अवगुन दुइ चारी॥**
**अगुन अमान मातु पितु हीना। उदासीन सब संसय छीना॥**

हे पर्वतराज! तुम्हारी कन्या सुलच्छनी है। अब इसमें जो दो-चार अवगुण हैं, उन्हें भी सुन लो। गुणहीन, मानहीन, माता-पिताविहीन, उदासीन, संशयहीन (लापरवाह)॥

**दो0-जोगी जटिल अकाम मन नगन अमंगल बेष।**
**अस स्वामी एहि कहँ मिलिहि परी हस्त असि रेख॥**

योगी, जटाधारी, निष्काम हृदय, नंगा और अमंगल वेष वाला, ऐसा पति इसको मिलेगा। इसके हाथ में ऐसी ही रेखा पड़ी है॥

**सुनि मुनि गिरा सत्य जियँ जानी। दुख दंपतिहि उमा हरषानी॥**
**नारदहूँ यह भेदु न जाना। दसा एक समुझब बिलगाना॥**

नारद मुनि की वाणी सुनकर और उसको हृदय में सत्य जानकर पति-पत्नी (हिमवान्? और मैना) को दुःख हुआ और पार्वतीजी प्रसन्न हुईं। नारदजी ने भी इस रहस्य को नहीं जाना, क्योंकि सबकी बाहरी दशा एक सी होने पर भी भीतरी समझ भिन्न-भिन्न थी॥

(क्रमशः..)

# लोकतंत्र को दहलाने की साजिश

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में 20 अक्टूबर रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे।

लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं। ये हत्याएं विकास को अवरूद्ध करती है, बल्कि उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं सौहार्द को भी खण्डित करती है। सुरक्षा बलों पर विभाजनकारी एवं आतंकी ताकतों के खिलाफ अपना दृढ़ रुख बनाए रखने का दायित्व है, जिसे संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने में स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से बल मिलता है। जबकि घाटी में शांति ने प्रगति की है, इस नाजुक संतुलन को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों, दोनों द्वारा कड़ा विरोध किया जाना चाहिए।

कश्मीर में लम्बे समय से अमनचैन एवं शांति के साथ विकास की गंगा प्रवहमान रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाये। अब मौका मिलते ही उन्होंने ऐसे इलाकों को चुना है जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले, अफरा-तफरी मचे और पर्यटकों का आना कम हो। इसीलिये आतंकियों ने इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखती है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए पर्यटकों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में सुविधाजनक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकेगी।



**गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है।**

गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में एक बड़ी आतंकी घटना को सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाना हमारे लिये चिन्ता के साथ चेतावनी भी है। यह घटना चेता भी रही है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के निर्वाचन क्षेत्र गांदरबल में केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे टनल प्रोजेक्ट में कार्यरत सात प्रवासी श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। मृतकों में एक स्थानीय डॉक्टर भी शामिल था। मरने वालों में पंजाब, बिहार और कठुआ के रहने वाले मजदूर शामिल हैं। कई श्रमिकों के घायल होने की खबर है जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। ये सभी श्रमिक काम खत्म करने के बाद मेस में खाना खाने बैठे थे। तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। निश्चितरूप से यह आतंकवादियों की कायराना एवं शर्मनाक करतूत है। इस घटना से चार दिन पहले शोपियां में बिहार के एक मजदूर की हत्या कर दी थी। ये हत्याएं आतंकवाद की अंधाधुंध हिंसक एवं आतंकी प्रकृति को उजागर करती हैं जो अपने रास्ते में किसी को भी नहीं छोड़ते। निर्दोष नागरिकों की बेवजह हत्या किसी एक परिवार के किसी प्रियजन को ही नहीं छीनता बल्कि उन लोगों में भी खौफ पैदा करता है जो आतंकवाद की छाया में भी रोजी-रोटी कमाने के लिए जम्मू-कश्मीर में मजदूरी करते हैं।

क्या नई सरकार का गठन आतंकवादियों के लिये सहूलियत भरा है? ऐसा है तो इसके सन्देश को समझना होगा। स्वयं उमर अब्दुल्ला सरकार एवं नेशनल कांफ्रेन्स को इसे गलत साबित करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ सख्त होना होगा। एक बड़ा प्रश्न है कि जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले एकाएक बुलंद क्यों हो गये? गौरतलब है कि जब जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेन्स को बहुमत मिला था तो कश्मीर घाटी में इस जीत की खुशी में आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। यहां तक की पाकिस्तान के झंडे भी लहराए गए थे। ऐसा क्यों हुआ? इस तरह आतंकियों के हौसलें बुलन्द होना नवगठित सरकार एवं वहां की जनता के लिये गहन चिन्ता का विषय होना चाहिए। भले ही हमले के बाद आई प्रतिक्रियाओं से साफ है इस मसले पर पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट है। सबसे बड़ी बात यह कि अब आतंक के खिलाफ उठे इन स्वरों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की नुमाइंदगी कर रही आवाजें भी शामिल हैं।

सम्मिलित सुनियोजित प्रयासों से जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद के बचे-खुचे निशानों से भी मुक्त करने का लक्ष्य अब पहुंच से दूर नहीं कहा जा सकता। लेकिन इसके लिये सन्देह एवं शंकाओं के घेरों को तोड़ना होगा। कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान लगातार मुहिम चला रहे हैं उनके प्रयासों को बिना राजनीति किये तीक्ष्ण एवं तीव्र करना होगा। इस बीच जम्मू कश्मीर के उरी सेक्टर में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की है जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। जाहिर है पाकिस्तान कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने के लिए सीमा पार से साजिशें कर रहा है। इसलिए जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है ताकि आतंकवादी कश्मीर घाटी में फिर ऐसी आतंकी घटना की पुनरावृत्ति न कर पाए।

जनता ने स्पष्ट जनादेश देकर यह संदेश दिया कि घाटी में लोकतंत्र महके, ना कि दहके। यह जनादेश आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्ति की चाहत का परिणाम है। राज्य की जनता ने अपनी उम्मीदों को लेकर सरकार चुनी और नैशनल कांफ्रैंस पर भरोसा जताया। नई सरकार के सामने जनता की उम्मीदों को पूरा करने की चुनौती तो है ही, सबसे बड़ी चुनौती तो आतंकवाद को जड़ से खत्म करना और ऐसा वातावरण सृजित करना है जिसमें आम आदमी खुद को सुरक्षित महसूस करे और इस क्षेत्र में विकास की धारा के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। जम्मू-कश्मीर में गरीबी, अन्याय और आतंकवाद के खिलाफ अभी लम्बा सफर तय करना बाकी है। आतंकवाद के पैर उखाड़ने के लिये जनता एवं सरकार की मिली-जुली शक्तियां सामने आये।

**- ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# बदलते वक्त की मांग है हिंदुओं की जनसंख्या बढ़ाने के बारे में सोचना

राष्ट्रीय राजनीति की अपनी चिंताएं हैं, जबकि सूबाई राजनीति की अपनी दुश्चिंताएं! लोकतांत्रिक सियासत में इनमें तालमेल बिठाना वाकई दुष्कर कार्य है, क्योंकि राष्ट्रीय हितों के ऊपर कहीं साम्प्रदायिक, कहीं जातीय और कहीं क्षेत्रीय हितों को हावी किया जाता रहा है और ऊटपटांग वकालत की जाती रही है। ऐसे में हरेक सिक्के के दो पहलु की तरह ही इन्हें भी लिए जाने की जरूरत है और हमारे समग्र राष्ट्रीय हित कैसे सध सकें, इसके लिए प्राथमिकता तय किये जाने की जरूरत है।

देखा जाए तो भारत में अप्रत्याशित रूप से मुस्लिमों की बढ़ती जनसंख्या जहां कुछ राजनीतिक दलों व सामाजिक संस्थाओं के लिए चिंता की बात है और इन्हें नियंत्रित किये जाने की वकालत हिन्दू समुदाय के नेता व समाजसेवी खुलेआम कर रहे हैं और तत्सम्बन्धी डेटा भी सार्वजनिक कर रहे हैं। वहीं, इस बात की वकालत भी की जा रही है कि हिंदुओं को भी बंध्याकरण व नसबंदी की नीति का परित्याग करके ज्यादा बच्चे पैदा करना चाहिए, ताकि मुस्लिमों के मुकाबले हिंदुओं की जनसंख्या ज्यादा बनी रहे। कमोबेश यही वैश्विक डिमांड भी है। हमारे पास अकूत प्राकृतिक संसाधन हैं, पास-पड़ोस में जनसंख्या के समुचित समायोजन की संभावनाएं हैं और शेष विश्व में बहुत सारे भूभाग आबादी विहीन हैं, जहां रणनीतिक रूप से हिंदुओं को बसाने में कोई दिक्कत भी नहीं आएगी, क्योंकि हमारे वीर-बांकुडों और समझदार लोगों की मांग यत्र-तत्र-सर्वत्र है। हां, इसके लिए स्पष्ट वैश्विक, राष्ट्रीय और सूबाई सोच होनी चाहिए और सबमें बेहतर तालमेल की गुंजाइश बनी रहनी चाहिए।

ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है कि दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी ईसाइयों की है, फिर दूसरी बड़ी आबादी इस्लाम मतावलंबियों की है। जबकि हिन्दू आबादी संसार की तीसरी बड़ी आबादी है। व्यापार में भी इसी तरह से संख्या बल में हिंदू कारोबारी तीसरे पायदान पर हैं। यही वजह है कि हिंदुओं को भी अपनी आबादी मुस्लिमों की तरह बेतहाशा बढ़ानी चाहिए और ईसाई व इस्लाम मतावलंबियों की तरह वैश्विक मतांतरण अभियान दुनिया के हरेक देशों में छेड़ना चाहिए। चूंकि अधिकांश धर्म सनातन मतावलंबियों से ही टूटकर बने हैं, इसलिए घरवापसी अभियान भी चलाया जा सकता है। इसके लिए हिन्दू धर्म को सरल बनाना होगा, ताकि अल्प आय वर्ग के लोग भी इसमें फिट बैठ सकें और मौजूदा आडंबरों की मार उनपर नहीं पड़े। कहना न होगा कि यदि ऐसी रणनीति नहीं अपनाई गई तो निकट भविष्य में अस्तित्व रक्षा के भी लाले पड़ जाएंगे।

इतिहास साक्षी है कि ईसाई व यहूदी धर्म की उत्पत्ति भी इस्लाम धर्म से ही हुई है, इसलिए जब दोनों जुड़वां धार्मिक ताकतें एक हो जाएंगी तो हिंदुओं की वैश्विक परेशानी ज्यादा बढ़ जाएगी। ऐसे में हिंदुओं की जनसंख्या वृद्धि का विचार दूरदर्शिता भरा दृष्टिकोण है, यदि सही मायने में देखा जाए तो। इसलिए अब जो दक्षिण भारत से जनसंख्या वृद्धि के सुर सुनाई देने लगे हैं, उससे उत्तर भारत के लोगों को भी सबक लेनी चाहिए और पारस्परिक तालमेल बिठाकर अपने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक व लोकतांत्रिक हितों की रक्षा करनी चाहिए।

बता दें कि संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज (आईआईपीएस) द्वारा तैयार इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में बुजुर्गों की आबादी अधिक है। इसे संतुलित करने के लिए ही टीडीपी नेता और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पिछले हफ्ते कहा था कि लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी सरकार इसे प्रोत्साहित करने के लिए कानून लाने की योजना भी बना रही है। राज्य की बुजुर्ग होती आबादी को देखते हुए यह एक नेक कदम है।

इसके बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक पुराने आशीर्वाद का जिक्र करते हुए लोगों को 16 बच्चे पैदा करने की सलाह और शुभकामना दे डाली। इससे भी कोई दिक्कत नहीं है। समुद्र में फ्लोटिंग हाउस बनाने और ऐसे ही प्राकृतिक जमीन विकसित करने की पूरी गुंजाइश है। बहरहाल, दोनों मुख्यमंत्री यह सलाह इसलिए दे रहे हैं क्योंकि जल्द ही देश में संसदीय सीटों का नये सिरे से परिसीमन होना है। इस परिसीमन के मुताबिक दस लाख लोगों की आबादी पर एक सांसद होगा।

चूंकि दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के मामले में तो बेहतरीन प्रदर्शन कर किया है, जिसकी वजह से वहां प्रजनन दर कम हो गयी है। इसलिए उन्हें अब यह डर सता रहा है कि यदि आबादी के लिहाज से संसदीय सीटों का निर्धारण हुआ तो देश की राष्ट्रीय राजनीति पूरी तरह उत्तर भारत केंद्रित हो जायेगी। लेकिन यदि हिंदुत्व की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति के नजरिए से देखा जाए तो दक्षिण भारत के मुख्यमंत्रियों का ताजा आह्वान भारत और हिंदुत्व दोनों के लिए बरदान साबित हो सकता है। इसलिए यह कहना कि देश में एक ओर उत्तर भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाये जाने की मांग हो रही है तो दूसरी ओर दक्षिण भारत के दो प्रमुख राज्यों के मुख्यमंत्री अपनी जनता को ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की सलाह दे रहे हैं, में कोई दिक्कत नहीं है। बस, उत्तर भारत के नेताओं को अपना नजरिया बदलना होगा और हिंदुओं की जनसंख्या में अधिकाधिक वृद्धि की रणनीति बनानी होगी। वहीं, मोदी सरकार को भी बदलते नजरिए के मुताबिक विदेश नीति बनानी होगी।


बता दें कि संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज (आईआईपीएस) द्वारा तैयार इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में बुजुर्गों की आबादी अधिक है। रिपोर्ट कहती है कि 2021 और 2036 के बीच इन राज्यों में बुजुर्गों की दर में बहुत अधिक तेजी से वृद्धि होगी। माना जा रहा है कि केरल की जनसंख्या में बुजुर्गों की हिस्सेदारी 2021 की 16.5 प्रतिशत से बढ़कर 2036 में 22.8 प्रतिशत हो जाएगी। वहीं, तमिलनाडु में 13.7 प्रतिशत से बढ़कर 2036 में 20.8 प्रतिशत हो जाएगी। उधर, आंध्र प्रदेश में 2021 के 12.3 प्रतिशत से बढ़कर 2036 में 19 प्रतिशत हो जाएगी, जबकि कर्नाटक में बुजुर्गों की आबादी 11.5 प्रतिशत से बढ़कर 2036 में 17.2 प्रतिशत हो जाएगी और तेलंगाना में 2021 के 11प्रतिशत से बढ़कर 2036 में 17.1 प्रतिशत हो जाएगी।

इसप्रकार मोटे तौर पर यदि देखें तो 15 साल की इस अवधि में जनसंख्या में बुजुर्गों का अनुपात दक्षिण में 6-7 प्रतिशत बढ़ जाएगा जबकि उत्तर में यह लगभग 3-4 प्रतिशत होगा। वैसे एक बात गौर करने लायक है कि अधिकांश दक्षिण भारतीय राज्य दुनिया के विकसित देशों की प्रजनन स्तर तक पहुंच गए हैं।


**- कमलेश पांडेय**

## राशिफल


**कार्तिक कृष्ण पक्ष : अष्टमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**



**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बन रहे हैं। जमीन-जायदाद के लिए शुभ अवसर है। स्वास्थ्य बहुत अच्छा।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान व व्यापार बहुत अच्छा है।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
धन का आगमन बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
प्रेम का आगमन। नव प्रेम का प्रारंभ होगा। कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेना। बहुत कुछ शुभ दिख रहा है।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान कर सकती है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम व व्यापार ठीक रहेगा।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के नवीन सोर्स बनेंगे, पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति। यात्रा का योग बनेगा।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
सरकारी तंत्र का लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम-संतान की स्थिति भी ठीक ठाक कही जाएगी है व व्यापार अच्छा है।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य अच्छा।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
चेट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान मध्यम ।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी के साथ अद्भुत पल बिताएंगे। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा है।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
लिखने-पढ़ने के लिए अद्भुत समय। कवियों के लिए अच्छा समय। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम, संतान, व्यापार बहुत अच्छा है।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 26, 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 & 31.10.24 |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 25.10.24 & 01.11.24 |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
पुत्र बिट्टू के साथ है। फेसबुक अकाउंट से उसने विशाल का फोन नंबर लेकर उसे फोनकर अपनी बेटी के बारे में पूछा तो विशाल ने कोई जवाब नहीं दिया और फोन काट दिया। इसके बाद से उसका फोन लगातार स्विच ऑफ आ रहा है।

मनोज ने अपनी नाबालिक बेटी के साथ कोई अनहोनी होने की आशंका जताते हुए विशाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बिसरख थाना प्रभारी का कहना है कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

थाना दादरी क्षेत्र के सारिका विहार कॉलोनी से एक युवती को युवक बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया। युवती के पिता ने पुलिस एनक्लेव लोहिया नगर मेरठ निवासी सूर्यांश के खिलाफ अपनी बेटी को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि युवती व आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

**चोरी की बाइक...**

उन्हें दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम अर्पित व सुनील बताया। दोनों ने बताया कि उनसे बरामद बाइक चोरी की है। यह बाइक गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र से चोरी की गई थी। दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह चोरी की बाइक पर सवार होकर आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

**हर्षोल्लास के साथ...**

इस मौके पर अजय लाल श्रीवास्तव, कमलाकांत श्रीवास्तव, संजय मणि, राकेश श्रीवास्तव, पुनीत श्रीवास्तव, रत्नेश श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, नलिनी श्रीवास्तव, विदिशा सिंह, चितरंजन सरन, टीपी श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही।

## कृषि कल्याण केंद्र में चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जेवर स्थित कृषि कल्याण केंद्र कार्यालय में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर कार्यालय से पॉइंट ऑफ सेल मशीन, प्रिंटर, लैपटॉप, चार्जर कंप्यूटर कांटा व अन्य सामान चोरी कर ले गए। कृषि कल्याण केंद्र के प्रभारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है।

कृषि कल्याण केंद्र प्रभारी सचिन कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 5 अक्टूबर की शाम को कार्यालय बंद कर अपने आवास पर चले गए थे। 6 अक्टूबर को जब वह कार्यालय पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। वह कार्यालय के भीतर पहुंचे तो पता चला कि चोर कार्यालय में रखे पॉइंट ऑफ सेल मशीन, सैमसंग प्रिंटर,मंत्रा डिवाइस, लैपटॉप, चार्जर, सामान तोलने के बाट, कंप्यूटर काटा, एयरटेल वाईफाई आदि को चोरी कर ले गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि केंद्र प्रभारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## मारपीट व तोड़फोड़ कर छत गिरा दी तीन पर मामला दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।** घर में जबरन घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ व मकान की छत को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ थाना फेज-3 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपियो ने बीते दिनों मकान को अपना बताते हुए मारपीट कर घर की छत तोड़ दी थी। कृष्ण विहार कॉलोनी सेक्टर-68 निवासी संगीता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 अक्टूबर को वह और उसके पति ड्यूटी गए थे। दोपहर के समय उसके मकान पर रतिराम, मालती देवी, असगर अली आदि लोग पहुंचे। इन लोगों ने उसकी पड़ोसन रामवती से कहा कि यह मकान उनका है। रामवती ने जब कहा कि यह मकान संगीता का है तो वह लोग गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद तीनों आरोपी जबरन उसके घर में घुस आए। रामवती ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके घर की छत को तोड़ दिया और सामान को तहस नहस कर दिया। जाते समय आरोपी भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com




# अन्नू बोले– हीरो को चूमने में किसी हिरोइन को आपत्ति नहीं होती

अन्नू कपूर लाइमलाइट में हैं। दरअसल, उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है और इस इंटरव्यू में उन्होंने देशभक्ति, अमेरिकन वाइफ और प्रियंका चोपड़ा से जुड़े विवाद पर बात की। अन्नू कपूर ने कहा, 'देशभक्ति जो है, वो कोई परफ्यूम नहीं है कि किसी फंक्शन में जाना हो, शादी में जाना हो तो परफ्यूम अच्छा छिड़ककर आना है। देशभक्ति आपके शरीर के धमनियों में 24 घंटे बहने वाली रक्त की धारा है।' इसके बाद, अन्नू कपूर ने न्यूज एजेंसी ANI को दिए इंटरव्यू में अपनी अमेरिकन पत्नी अनुपमा पटेल पर बात की। अन्नू कपूर बोले, 'मेरी पत्नी अमेरिकी नागरिक है, लेकिन मैंने कभी भी ग्रीन कार्ड और अमेरिकी नागरिकता के लिए अप्लाई नहीं किया है। मैं सारी जिंदगीभर, मर जाऊंगा, लेकिन कभी वहां का पासपोर्ट नहीं बनवाऊंगा। मेरी मजबूरी है। मैं बड़ा लॉयलटी टाइप का स्पर्म हूं।' वीडियो के अंत में अन्नू कपूर से प्रियंका चोपड़ा के साथ साल 2011 में हुए विवाद पर बात की। दरअसल, साल 2011 में एक फिल्म आई थी '7 खून माफ'। इस फिल्म में अन्नू कपूर ने प्रियंका के सात पतियों में से एक पति का रोल निभाया था। जब इस फिल्म के प्रमोशंस शुरू हुए थे तब अन्नू कपूर ने विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था, 'प्रियंका मेरे साथ इंटिमेट सीन करने के लिए राजी नहीं हुईं क्योंकि मैं गुड लुकिंग नहीं हूं। अगर मैं हैंडसम दिखता तो वह मना नहीं करतीं।

# निया शर्मा के ऐड पर भड़का लोगों का गुस्सा

टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा एक ब्रैंड प्रमोशन के बाद ट्रोल की जा रही हैं। उन्होंने वजाइना टाइटनिंग टैबलेट का प्रमोशन किया है जिस पर कई महिलाओं ने निया की जमकर लताड़ लगाई है। लोग लिख रहे हैं कि उन्हें अपनी इमेज का इस्तेमाल करके इस तरह कि अवैज्ञानिक चीजों का प्रचार नहीं करना चाहिए। कुछ महिलाओं ने लिखा है कि वह निया को पसंद करती हैं पर इस हरकत के बाद अनफॉलो कर रही हैं। निया ने लिखा है, जिंदगी में परफेक्ट फिट पाना जरूरी है। जाहे वो आपका फेवरिट आउटफिट हो या कुछ और इंटीमेट, हमने आपकी मुश्किल आसान कर दी।

वीजी-3 के साथ परफेक्ट टाइट का एक्सपीरियंस लें। ऐड में निया इस टैबलेट को ट्राई करने की सलाह दे रही हैं। लोगों ने निया के पोस्ट पर काफी नेगेटिव कमेंट्स किए हैं। एक ने लिखा है, भयानक, भयानक, भयानक। यह 2024 है और यह अवैज्ञानिक और बिना सेंस की चीज को बढ़ावा दिया जा रहा है। पहले वजाइनल वाइटनिंग क्रीम और अब यह। एक ने लिखा है, मुझे निया बहुत पसंद हैं लेकिन उन्हें इस तरह के प्रमोशन के लिए राजी नहीं होना चाहिए। एक कमेंट है, प्लीज इसे प्रमोट करना बंद कीजिए क्योंकि आप बड़ी स्टार हैं जिनके की सारे फॉलोअर्स हैं। डॉक्टर्स के मुताबिक, वजाइनल टाइटनिंग जैसी कोई टैबलेट नहीं होती। एक ने लिखा है, शर्म है तुम पर। सोशल मीडिया पर निया को छपरी और टॉक्सिक भी लिखा जा रहा है। एक ने कमेंट किया है, इस तरह की गलत सूचना फैलाने के लिए आपको तुरंत अनफॉलो कर रही हूं, जिस तरह का कल्चर निया एंडोर्स कर रही है और ये अपने प्रभाव का गलत इस्तेमाल है। एक ने लिखा है, यह बहुत गिरा हुआ है, तुम्हारे लो वेस्ट कपड़ों से भी ज्यादा। निया के पोस्ट में कई महिलाओं के कमेंट्स हैं और निया के एथिक्स पर सवाल उठाए गए हैं।





नीना गुप्ता बॉलीवुड की जानी-मानी हस्ती हैं। उन्होंने कई मुश्किलें देखने के बाद एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, नीना ने मुंबई में अपने शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे वह पृथ्वी कैफे में वेट्रेस के तौर पर काम करती थीं और उनके तब के बॉयफ्रेंड इस काम के लिए उनका मजाक उड़ाते थे। इसके साथ ही नीना ने कई चौंकाने वाले खुलासे भी किए हैं।

# नीना गुप्ता से सिगरेट के पैसे मांगता था बॉयफ्रेंड

सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में, Neena Gupta ने मुंबई में अपने शुरुआती दिनों को याद किया जब वह अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली से आई थीं। उन्होंने बताया कि कैसे वह और उनके बॉयफ्रेंड तब बेरोजगार थे और उन्होंने पृथ्वी कैफे में काम करने का फैसला किया। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे बॉयफ्रेंड खुद बेरोजगार होने के बावजूद उनकी नौकरी का मजाक उड़ाता था। नीना गुप्ता ने कहा, 'एक दिन मेरा बॉयफ्रेंड आया और मुझे लगता है कि वह नशे में था। उसने पूछा कि क्या मैं दिल्ली से केवल वेट्रेस बनने के लिए आई हूं। मुझसे सिगरेट पीने के लिए पैसे मांगता था। वह मुझसे मेहनत करने के लिए सवाल कर रहा था लेकिन मुझसे पैसे भी उधार लेता था।' नीना गुप्ता ने आगे बताया कि वह उसे पैसे कैसे उधार देती थीं और कहा, 'भगवान का शुक्र है, शादी नहीं की।' उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने कैफे में भरता और आयरिश कॉफी बनाई और किसी तरह उन दिनों स्ट्रगल करती थीं। उन्होंने कहा कि मालिक उनके काम के बदले उन्हें मुफ्त में रात का खाना देता था।

# ऋतिक रोशन और जूनियर NTR के साथ दिखेंगे शाहरुख खान

ऋतिक रोशन और जूनियर NTR की फिल्म War 2 को लेकर रोज कुछ न कुछ खुलासा होता रहता है. पिछले दिनों खबर आई थी कि इसमें एक तगड़ा चेज सीक्वेंस होगा. ऋतिक और जूनियर NTR दोनों इसमें नजर आएंगे. इसमें खतरनाक एक्शन होगा. अब खबर आई है कि फिल्म में 'पठान' की भी एंट्री होगी. यानी 'वॉर 2' में शाहरुख खान का कैमियो भी हो सकता है. YRF स्पाई यूनिवर्स को आदित्य चोपड़ा ग्रैंड बनाना चाहते हैं. वो सभी कहानियों को जोड़ना चाहते हैं. 'पठान' से ये सिलसिला शुरू हुआ था. इसमें सलमान खान के कैरेक्टर 'टाइगर' का कैमियो था. फिर 'टाइगर 3' में ऋतिक के कबीर वाले कैरेक्टर को पोस्ट क्रेडिट सीन में टीज किया गया. कुछ दिन पहले खबर आई थी कि आलिया भट्ट वाली फिल्म 'अल्फा' में शाहरुख का कैमियो होगा. अब ऐसा ही 'वॉर 2' को लेकर भी कहा जा रहा है.

**शाहरुख खान होंगे 'वॉर 2' का हिस्सा!**

शाहरुख खान 'पठान' वाले रोल में दिखेंगे. लेकिन शाहरुख वाला सीक्वेंस अभी शूट नहीं किया जाएगा. इसे अगले साल शूट किया जाएगा. फिलहाल YRF दो फिल्मों को एक साथ शूट कर रहा है. पहली है आलिया भट्ट की 'अल्फा' और दूसरी है मोहित सूरी की फिल्म. बीच-बीच में डेट्स के मुताबिक 'वॉर 2' भी शूट होती रहती है.

**यहीं से बनेगी 'पठान 2' की राह**

ऐसे में शाहरुख के साथ काम करना एक बड़ा टास्क हो जाएगा. इसलिए पहले पूरी 'वॉर 2' शूट कर ली जाएगी, इसके बाद शाहरुख का सीक्वेंस शूट होगा. 'टाइगर 3' में भी ऐसा ही हुआ था. फिल्म की रिलीज से डेढ़ हफ्ते पहले ही कबीर(ऋतिक) वाला सीन शूट किया गया था. शाहरुख के 'वॉर 2' वाले सीक्वेंस से ही 'पठान 2' को टीज किया जाएगा. शायद यहीं से 'पठान 2' की कहानी शुरू होगी.

**जूनियर NTR की ग्रैंड एंट्री**

बहरहाल, 'वॉर 2' में जूनियर NTR की तगड़ी एंट्री प्लान की जा रही है. इसमें सोमालिया का बैकड्रॉप होगा. ऐसी खबर है कि जूनियर NTR फिल्म में विलेन बनेंगे. पर कुछ जगह ये भी कहा जा रहा है कि वो और ऋतिक दोस्त की भूमिका में हो सकते हैं. संभव है बाद में जूनियर NTR का कैरेक्टर नेगेटिव शेड ले. कियारा आडवाणी भी फिल्म में होंगी.



# कैमरा देख चिढ़े अभिषेक



अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के बेटे अभिषेक बच्चन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो मुंबई एयरपोर्ट का है। दरअसल, बीते दिन जब अभिषेक अपनी अपकमिंग फिल्म 'हाउसफुल 5' की शूटिंग पूरी करने के बाद मुंबई लौटे तब पपराजी की नजर उनपर पड़ी और वह उनका वीडियो बनाने लगे। हालांकि, अभिषेक को ये बात पसंद नहीं आई और वह पपराजी से चिढ़ गए।

सामने आए वीडियो में वह पपराजी के सामने हाथ जोड़ते नजर आ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत में अभिषेक, पपराजी से कुछ नहीं कहते हैं, लेकिन जैसे ही पपराजी कैमरा लेकर अभिषेक के करीब आने लगते हैं अभिषेक चिढ़ जाते हैं। वह हाथ जोड़कर कहते हैं, "बस भैया, अभी हो गया, शुक्रिया।" अभिषेक का वीडियो देख लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि दूसरे सेलेब्स कम से कम पपराजी को देखकर स्माइल करते हैं या हाथ हिला देते हैं, लेकिन ये लोग उल्टा चिढ़ने लगते हैं। एक ने लिखा, 'अभिषेक में मां के संस्कार हैं।' दूसरे ने लिखा, 'ब्रो खुद, खुदके डाउनफॉल की वजह है।' तीसरे ने लिखा, 'जया बच्चन पार्ट 2।' यहां देखिए वीडियो। अभिषेक की आने वाली फिल्मों की बात करें तो अभी वह 'हाउसफुल 5' की शूटिंग में व्यस्त हैं।

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के लिए पिछले कुछ साल खास अच्छे नहीं रहे है। साल 2018 के बाद से आमिर खान बतौर एक्टर कोई खास बड़ी हिट नहीं दे पाए हैं। ठग्स ऑफ हिन्दोस्तान और लाल सिंह चड्ढा जैसी उनकी फिल्में बुरी तरह पिटी थीं और अब वह 'सितारे जमीन पर' नाम की फिल्म पर बिजी हैं।



# आमिर खान को मिली एक और बायोपिक फिल्म

आमिर खान ने कुछ फिल्मों में गेस्ट अपीयरेंस भी दिया है। क्योंकि 'सितारे जमीन पर' एक सीक्वल फिल्म होगी, ऐसे में फैंस को इंतजार है मिस्टर परफेक्शनिस्ट की किसी नई तरह की फिल्म का। अब खबर है कि अनुराग बसु के साथ उनकी एक बायोपिक फिल्म को लेकर बात चल रही है।

अपनी एक रिपोर्ट में पिंकविला ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि अनुराग बसु ने आमिर खान को किशोर कुमार की बायोपिक फिल्म ऑफर की है। इस फिल्म का प्रोडक्शन भूषण कुमार कर रहे हैं और अभी तक इस सिलिसिले में दोनों की कई बार मुलाकात भी हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, "किशोर कुमार की बायोपिक निर्देशक अनुराग बसु और भूषण कुमार के दिल के काफी करीब है। दोनों इस कहानी को बेस्ट पॉसिबल अंदाज में दुनिया के सामने रखना चाहते हैं। आमिर खान भी किशोर कुमार के बड़े फैन हैं।" क्योंकि आमिर खान को अनुराग बसु का विजन बहुत पसंद आया है इसलिए वो इस पर विचार कर रहे हैं। दरअसल अनुराग बसु ने इस कहानी को काफी अलग अंदाज में लोगों के सामने रखने का फैसला किया है और यही बात आमिर खान को पसंद आई है। बता दें कि आमिर खान की बैक टू बैक फ्लॉप रही फिल्मों के बाद अब वो एक-दो नहीं बल्कि 6 फिल्मों की कहानियों पर गौर कर रहे हैं और लगभग हर फिल्म अभी डेवलपमेंट के मामले में अलग स्टेज पर है। जिन फिल्मों पर आमिर खान विचार कर रहे हैं उनमें किशोर कुमार की बायोपिक, उज्जवल निकम की बायोपिक, राजकुमार संतोषी की एक कॉमेडी फिल्म, गजनी-2 और लोकेश कनगराज की एक फिल्म भी शुमार है। इनमें से कुछ की स्क्रिप्ट ऑलरेडी लॉक की जा चुकी है और कुछ पर एक्टर-डायरेक्टर-प्रोड्यूसर के बीच बातचीत चल रही है। आमिर खान को ये सभी फिल्में पसंद आई हैं और इस साल के आखिर तक उन्हें यह फैसला करना है कि उनकी अगली फिल्म कौन सी होगी।

# 25 अक्टूबर से ओटीटी पर वेब सीरीज़ 'आईपीसी'

अल्ट्रा ज़कास ओटीटी की पहली मराठी ओरिजिनल वेब सीरीज़ 'आईपीसी' 25 अक्टूबर को दर्शकों के सामने आ रही है। वेब सीरीज 'आईपीसी' कई सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक क्राइम थ्रिलर सीरीज होने वाली है। इसके साथ ही अल्ट्रा ज़कास ओटीटी पर हर महीने एक नई कोरी वेब सीरीज़ भी रिलीज़ की जाएगी। इस वेब सीरीज में आपको किशोर कदम, देविका दफ्तरदार, राजेंद्र शिसतकर, सुरेश विश्वकर्मा और अभिनय सावंत जैसे दिग्गज कलाकारों की जुगलबंदी का अनुभव मिलेगा।

कोंकण के एक छोटे से गांव में शिमगोत्सव के दिन एक 20 वर्षीय लड़की पर क्रूरतापूर्वक हमला किया जाता है और घटनाओं की एक रहस्यमय और रोमांचक श्रृंखला शुरू होती है जो 25 अक्टूबर को सामने आने वाली अकल्पनीय सच्चाई को वास्तविकता में लाती है।

कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों के विजेता, राजेश चव्हाण, श्रृंखला के निदेशक हैं, और अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड हैं। लिमिटेड के सीईओ, श्री. इस सीरीज का निर्माण सुशील कुमार अग्रवाल ने किया है. अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट प्रा. लिमिटेड के सीईओ, श्री. सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा, "पहली वेब सीरीज 'आईपीसी' अल्ट्रा ज़कास मराठी ओटीटी पर रिलीज होगी और आप इसे दुनिया में कहीं भी देख सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म पर हर महीने एक नई मराठी वेब सीरीज रिलीज होगी।" इसलिए दर्शकों को एक अलग तरह की कहानी का अनुभव मिलेगा। 'आईपीसी' मराठी वेब सीरीज के निर्देशक राजेश चव्हाण ने कहा, "मुझे उनकी पहली ऐसी महत्वपूर्ण वेब सीरीज को निर्देशित करने का मौका देने के लिए मैं अल्ट्रा ज़कास मराठी ओटीटी का आभारी हूं। इस वेब सीरीज़ को निर्देशित करने का अनुभव बहुत अलग और ज़िम्मेदारी भरा था। अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट प्रा. लिमिटेड को बहुत समर्थन और विश्वास था।''



# इस एक्ट्रेस ने अमिताभ के साथ दी हैं सबसे ज्यादा हिट फिल्में

अमिताभ बच्चन को सदी के महानायक के तौर पर जाना जाता है. उन्होंने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं, इस दौरान उन्होंने कई सारी एक्ट्रेसेस के साथ काम किया है. हालांकि, कुछ एक्ट्रेस के साथ उनकी जोड़ी को हिट कहा गया है, लेकिन इन सभी में से एक एक्ट्रेस ऐसी भी है, जिन्होंने स्क्रीन पर अमिताभ बच्चन के साथ रोमांस करने के साथ उनकी मां तक का किरदार अदा किया है. इतना ही नहीं दोनों ही स्टार्स ने साथ में 11 हिट फिल्में दी हैं.

अमिताभ बच्चन ने जया बच्चन, परवीन बॉबी, रेखा और भी कई सारी बेहतरीन एक्ट्रेस के साथ काम किया है, लेकिन इन सभी में से किसी के भी साथ उनकी हिट फिल्मों का रिकॉर्ड नहीं बना है. बल्कि अमिताभ की सुपरहिट जोड़ी एक्ट्रेस राखी के साथ मानी जाती है. दोनों ने एक साथ लगभग 13 फिल्मों में काम किया है, जिसमें से 11 फिल्में हिट साबित हुई हैं. हालांकि, अमिताभ के साथ लव एंगल में तो राखी को बेहद पसंद किया गया, लेकिन इस एक्ट्रेस ने 'शक्ति' फिल्म में उनकी मां का रोल भी निभाया है. 'कभी-कभी' उनकी सभी फिल्मों में सबसे बड़ी हिट फिल्म साबित हुई थी.

**साथ में कौन-कौन सी फिल्में की हैं?**

केवल अमिताभ के साथ ही नहीं बल्कि शत्रुघ्न सिन्हा, धर्मेंद्र, शशि कपूर को साथ भी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए सराही गई हैं. राखी और अमिताभ की जोड़ी सबसे पहले साल 1971 में 'रेशमा और शेरा' में नजर आई थी, उसके बाद 'बरसात की रात', 'जुर्माना', 'कसमें वादे', 'शक्ति', 'लावारिस' जैसी फिल्में की हैं. अभी की बात की जाए तो, राखी लंबे वक्त से स्क्रीन से दूर हैं. वहीं अमिताभ हाल ही में रजनीकांत के साथ 'वेट्टैयन' में नजर आए हैं. ये फिल्म 10 अक्टूबर को रिलीज हुई, जिसने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा परफॉर्म किया है.



# 22 नवंबर को सिनेमागृहों में रिलीज होगी 'ढाई आखर'

हिंदी फिल्मों में सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित कहानियों ने हमेशा दर्शकों के बीच एक खास जगह बनायी हैं विशेषकर महिलाओं से संबंधित कहानियों पर आधारित बॉलीवुड फ़िल्मों ने मनोरंजन के साथ जागरुकता का संदेश भी दिया हैं निर्देशक प्रवीन अरोड़ा की घरेलू हिंसा जैसे संवेदनशील विषय पर बनी 'ढाई आखर' एक ऐसी ही फ़िल्म हैं जो एक महिला के अपनी पहचान खोजने की कोशिश में किये गए संघर्ष को बखूबी बयान करती है।

पिछले साल इफ्फी गोवा में प्रतिष्ठित पैनोरमा सेक्शन में चयनित निर्देशक प्रवीन अरोड़ा की फ़िल्म ढाई आखर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों की बहुत पसंद किया गया। अब फ़िल्म देश के सिनेमागृहों में 22 नवम्बर को रिलीज होगी। फ़िल्म के रिलीज को आधाकारिक घोषणा सोशल मीडिया पर नए पोस्टर के लांच के साथ की गई। हिन्दी के वरिष्ठ लेखक अमरीक सिंह दीप के उपन्यास "तीर्थाटन के बाद" पर आधारित फिल्म 'ढाई आखर" हर्षिता नाम की एक ऐसी महिला की कहानी है, जो वर्षों तक घरेलू हिंसा और अपमानजनक वैवाहिक जीवन का शिकार रही। वह पत्रों के माध्यम से एक मशहूर लेखक श्रीधर के करीब आती है लेकिन विधवा होने के कारण उनका यह संबंध पुरुष प्रधान समाज परिवार को स्वीकार नहीं होता। यह फिल्म हर्षिता द्वारा अपनी पहचान खोजने की कोशिश में किये गए संघर्ष को बखूबी बयान करती है।हिन्दी और मराठी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी ने फिल्म में 'हर्षिता' का लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म और थिएटर के जाने माने अभिनेता हरीश खन्ना और प्रसिद्ध मराठी अभिनेता रोहित कोकाटे ने अहम किरदार निभाए हैं। प्रसिद्ध लेखक असगर वजाहत ने इस फिल्म की पटकथा और संवाद लिखे हैं। फिल्म की शानदार टीम में गीतकार इरशाद कामिल, हिन्दी और बंगाली संगीत निर्देशक अनुपम रॉय और गायिका कविता सेठ शामिल हैं।



# लूट के इरादे से दो दोस्तों ने की थी प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, दो गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रॉपर्टी डीलर की हत्या कर फॉर्च्यूनर कार में रखकर जलाने वाले दो आरोपियों को थाना दादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से प्रॉपर्टी डीलर का लूटा गया सोने चांदी के जेवरात, नगदी, मोबाइल फोन आदि बरामद हुआ है। दोनों आरोपी मृतक के दोस्त हैं।



पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि मंगलवार की देर रात को थाना दादरी क्षेत्र के कोट पुल के पास एक फॉर्च्यूनर कार में सवार संजय यादव नामक प्रॉपर्टी डीलर की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने उसके शव को कार में रखकर उसे जला दिया था। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने बुधवार को उक्त घटना को अंजाम देने वाले विशाल राजपूत पुत्र धर्म सिंह तथा जीत चौधरी पुत्र दर्शन को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से मृतक का सोने का कड़ा, सोने की दो अंगूठी, एक सोने की चेन, 62 हजार 500 नगद,दो मोबाइल फोन तथा कुत्ते का पट्टा जिससे उसकी गला घोटकर हत्या की गई थी, बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपियों के संजय यादव से संबंध हो गए थे। संजय यादव हमेशा अपने पास मोटी रकम और सोने के गहने पहन कर रखता था। उन्होंने योजना बनाई कि इसकी हत्या कर इससे नगदी और इसके जेवरात लूट लेंगे। पीडति के साथ आरोपियों ने पहले बियर पी। जब उसे थोड़ा सा नशा हो गया तो आरोपियों ने उसके जेवरात और पैसे लूट लिए। मौका पाकर गले में कार में पड़ा हुआ कुत्ते वाला पट्टा डालकर उसका गला घोट दिया। अंधेरा होने पर संजय की लाश को उसकी कार की पिछली सीट पर डालकर एक कंबल से ढका। दादरी की तरफ लेकर आए। यहां पर इन लोगों ने कोट पुल के पास सुनसान जगह पर गाड़ी रोककर संजय को ड्राइविंग सीट पर लाकर रख दिया, तथा पेट्रोल डालकर फॉर्च्यूनर कार में आग लगा दी।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर ठगने वाले तीन गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर बेरोजगारों से लाखों की ठगी करने वाले एक गैंग के महिला समेत तीन लोगों को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 6 लाख 90 हजार रुपए नकद, 5 मोबाइल फोन, टैबलेट सहित अन्य सामान बरामद किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने सैकड़ों लोगों से अजरवेजान, दुबई, सउदी, आयरलैंड, लकजमबेग, मालदीव, ओमान, कुवैत भेजने व नौकरी के नाम पर ठगी करने की बात स्वीकार की है।



डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एच-73 सेक्टर-63 में चल रहे एक अवैध ग्लोबल ट्रेवल्स पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि वहां से कॉल सेंटर के संचालक मनोज उर्फ रिजवान पुत्र किशोरी लाल मनोज उसकी लिव-इन पार्टनर कोमल उर्फ ज्योति पुत्री सुरेन्द्र सिंह तथा कोमल उर्फ ज्योति पुत्री सुरेन्द्र सिंह को डंपिंग यार्ड के पास ग्रीन बेल्ट ए-ब्लॉक से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया कि वे अपनी ग्लोबल ट्रेवल्स नाम की कंपनी को सोशल मीडिया पर लिस्ट कराकर इच्छुक लोगों को व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ते थे जिनके व्हाट्सएप ग्रुप में केवल एडमिन ही मैसेज कर सकता था। अभियुक्तगण विदेश में स्थित कंपनी के फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर बनाकर आवेदकों को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देते थे तथा आवेदक का पासपोर्ट अपने पास रखकर फर्जी वीजा तैयार करते थे।

अभियुक्त कॉल सेंटर छोड़ने से पहले सभी पासपोर्ट को डिस्ट्रॉय कर देते थे। बदमाशों के द्वारा डमी एयर टिकट बनाए जाते थे जो 3 दिन बाद ही डिस्ट्रॉय हो जाते थे। आवेदकों को एक दिन की ही डमी एयर टिकट देते थे जिससे सभी आवेदक उनके ऑफिस पर एक दिन ही एकत्र हो जाते थे और यह लोग उनके आने से पहले ऑफिस छोड़कर चले जाते हैं।

डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि उनका एक साथी प्रेमपाल रायकवार भी है। कंपनी का सारा पैसा प्रेमपाल रायकवर के एकाउन्ट में गया है और हमारे द्वारा कैश भी लिया जाता था। उन्होंने बताया कि बदमाशों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# रोजगार मेले में 558 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आरबी नॉर्थलैंड इंस्टिट्यूट दादरी में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में 929 अभ्यर्थियों शामिल हुए। जिसमें 558 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया। 558 अभ्यर्थियों में से नोएडा प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किए गए 11 युवक भी शामिल है। ये युवक किसान परिवार के बताये जा रहें हैं।



जिला सेवायोजन कार्यालय गौतमबुद्ध नगर के तत्वावधान में आज आरबी नॉर्थलैंड इंस्टीट्यूट जीटी रोड दादरी में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने किया। जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनीषा अत्री ने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 23 कंपनियां साक्षात्कार लेने के लिए उपस्थित हुई। मेले में 704 ऑनलाइन पंजीकरण व 225 ऑफलाइन पंजीकरण यानी कुल 929 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया। जिनमें से 558 अभ्यर्थियों को रोजगार के लिए चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में जिन अभ्यर्थियों का रोजगार के लिए चयन हुआ उनको भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

वहीं नोएडा प्राधिकरण द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि किसान संगठनों द्वारा निरंतर क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार देने की मांग की जाती रही है। इस मामले में नोएडा सीईओ लोकेश एम के दिशा-निर्देश में आरबी नॉर्थलैंड इंस्टीट्यूट दादरी में आयोजित रोजगार मेले में आज 11 युवकों को रोजगार प्रदान किया गया। इन सभी युवकों को उनकी शिक्षा, कौशल एवं अनुभव के आधार पर प्रतिष्ठित कंपनियों बजाज मोटर्स, ब्लू स्मार्ट, प्रोपोशॉप लिमिटेड, सुपरजीत इंजीनियरिंग, एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा आयोजन स्थल पर ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी सहित अन्य उपस्थित रहे।

**श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर में**

# श्रीकृष्ण व गौमाता की मूर्ति की स्थापना 26 को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 26 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार को श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर नोएडा परिसर में स्थित भव्य गौशाला के पुन: जीर्णोद्धार के साथ ही उसके परिसर में नव निर्मित भव्य मन्दिर के अन्दर श्री कृष्ण जी एवं गौमाता की मूर्ति की विधिवत विधि-विधान से पूजन आचार्य पीसी भट्ट एवं उनकी समस्त विद्वान टीम के द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।



कार्यक्रम प्रारंभ समय प्रात: 10 बजे से तथा साथ ही उसी दिन नये भण्डार गृह एवं सत्संग हाल को बनाए जाने के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम होना भी सुनिश्चित किया गया है। प्रात: 11 बजे से प्रसाद वितरण प्रारम्भ, अत: उपरोक्त दोनों आयोजनों में सभी भक्त जन सपरिवार इष्ट मित्रों सहित शनि बाबा एवं गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु सादर आमंत्रित हैं। यह जानकारी अध्यक्ष मानसिंह चौहान व सचिव राजीव कुमार मिश्रा ने दी।

# 'सल्युट टू वीमेन पॉवर' से सम्मानित अनीता भाल्वर व पद्मनी कुमार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लायन ए.के. मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने श्रीमती पद्मिनी कुमार एवं अनीता भाल्वर को लायंस क्लब इंटरनेशनल के 'सल्युट टू वीमेन पॉवर' से सम्मानित किया



सेक्टर 33 में स्थित नोएडा हाट के ओपन थिएटर में आयोजित सांस्कृतिक संध्याकार्यक्रम में लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन ए.के.मित्तल ने नोएडा के दो समाज सेविकायें 'जॉइंट वीमेन प्रोग्राम' संस्था की जिला सयोंजक तथा घरेलु हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए लड़ने वाली श्रीमती पद्मिनि कुमार एवं क्लब-26 की महिला मंडल की सयोंजिका तथा प्रसिद्ध एंकर श्रीमती अनीता भाल्वर को लायंस क्लब के 'सल्युट टू वीमेन पॉवर' पुरस्कार में अंगवस्त्र एवं आकर्षक शील्ड से सम्मानित किया तो खचाखच भरे थिएटर तालियों की गडगडाहट से गूँज उठा. इस अवसर पर नवरत्न फाउंडेशन्स के अध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव भी उपस्थित थे.

नवरत्न के अध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव ने पद्मिनी एवं अनीता भाल्वर का सम्मान करने के ए.के. मित्तल का आभार जताया।

# हॉस्य कवि पदमश्री सुरेन्द्र शर्मा को दी दीपावली की शुभकामनाएं



**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश के नामचीन हिन्दी साहित्य के हस्ताक्षर तथा हॉस्य कवि पदमश्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने नोएडा के समाजसेवी तथा भाजपा नेता पं. रविकांत मिश्रा को अपनी लोकप्रिय कृति 'मुझसे भला न कोई' पुस्तक भेंट की।

पं. रविकांत मिश्रा तथा वरिष्ठ पत्रकार एसएस अवस्थी दिल्ली स्थित सिविल लाइंस में सुरेन्द्र शर्मा के आवास पर पहुंचे तथा उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। 89 वर्षीय पदमश्री सुरेन्द्र शर्मा ने इस मौके पर हिन्दी भाषा व साहित्य तथा हॉस्य कविताओं को लेकर चर्चा की तथा पुस्तकों के प्रति युवाओं में घटते प्रेम को लेकर वर्तमान स्थित पर भी चिंतन किया।

बता दें कि कई दशकों से हॉस्य कविता के क्षेत्र में हस्ताक्षर साबित सुरेन्द्र शर्मा परिचय के मोहताज नहीं है। उनकी कविताएं सुनकर लोग बचपन से आज अधेड़ हो गये आज भी वे सुरेन्द्र शर्मा की गंभीर मुद्रा में हॉस्य कविताएं पढ़ने के अंदाज को भुला नहीं पाते हैं।

# दुबई भेजने वाले कबूतरबाज पुलिस के जाल में फंसे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का थाना सेक्टर-63 पुलिस ने पर्दाफाश किया है। ठगों ने एक कॉल सेंटर खोलकर कई लोगों को अपना शिकार बनाया। जालसाज खास कर दुबई भेजने के नाम पर लोगों को ठगते थे।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश करते हुए थाना सेक्टर-63 पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से फर्जी पासपोर्ट और 6 लाख 90 हजार नकदी पांच मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। यह गिरोह अब तक 70 से ज्यादा लोगों को अपना शिकार बन चुका है।

थाना सेक्टर-63 पुलिस ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग सेक्टर-63 के एच ब्लॉक में एक कॉल सेंटर खोलकर लोगों को ठग रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने ग्लोबल ट्रैवल्स कंपनी पर छापा मारा और यहां से मनोज निवासी दिल्ली उसकी पार्टनर कोमल तथा योगेंद्र को गिरफ्तार किया। इनके पास से 6 लाख रुपए से ज्यादा की नगदी, पांच मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद हुआ है।

पूछताछ में गिरफ्तार मनोज ने बताया कि वह अपनी प्रेमिका और पार्टनर कोमल के साथ मिलकर इस कॉल सेंटर को चला रहा है। इन्होंने कई लोगों को दुबई भेजने के नाम पर ठगा है। पुलिस ने बताया कि यह लोग कॉल सेंटर खोलकर लोगों को दुबई का वीजा लगाने तथा सारे दस्तावेज की कार्रवाई करने के नाम पर ठगते थे। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# बहाने से बुलाया, फिर छाती और पेट में घोंप दिया पेचकस

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी पुलिस ने पिछले दिनों एक युवक की हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों ने बताया कि उन्होंने एक पुराने झगड़े में फैसला करने के बहाने पीड़ित को बुलाया और मौका देखते ही कार में उसकी छाती और पेट में चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी।

थाना दादरी पुलिस में मृतक प्रशांत उर्फ छोटू के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई को कुछ लोग अपने साथ लेकर गए तथा उसकी हत्या कर दी। इस मामले में थाना दादरी में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच कर रही पुलिस ने हत्या के आरोप में सौरव उर्फ गब्बर पुत्र राजवीर निवासी ग्राम गढ़ी थाना दादरी तथा जितेंद्र भाटी उर्फ चिंचे पुत्र मंशाराम निवासी ग्राम नगला नैनसुख (28 वर्ष) को गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने प्रशांत उर्फ छोटू को एक मामले में फैसला करने के बहाने बुलाया और उसको अपनी गाड़ी में लेकर चले गए। गाड़ी में ही उन्होंने प्रशांत को बातों में उलझाए रखा और जब वह एक सुनसान स्थान पर पहुंचे तो उन्होंने प्रशांत की छाती और पेट पर पेचकस से कई बार कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने हत्या में इस्तेमाल किए गए पेचकस को आईटीआई कॉलेज से आगे गांव नगला नैनसुख की तरफ झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर नगला नैनसुख से हत्या में इस्तेमाल पेचकस को भी बरामद कर लिया है।












Yogi Adityanath
Chief Minister, Uttar Pradesh

SUSTAINABLE GROWTH & SUCCESS In Greater Noida

Nand Gopal Gupta 'Nandi'
Minister of Industrial Development Uttar Pradesh

Jaswant Saini
Minister of State for Industrial Development Uttar Pradesh

Scheme for Institutional Plots through e-Auction



Online Bidding
Scheme Code: INS-01/2024

SALIENT FEATURES
Proximity to Noida International Airport | Easy access to Eastern & Western Dedicated Freight Corridors | Best planned city in NCR | Expressways providing excellent Multi-city Connectivity | Residential Sectors, Commercial Sectors, Educational Institutions in the Vicinity | World-class civic amenities

GNIDA announces e-Auction for the allotment of Institutional Plots, as per terms and conditions prescribed in the on-line brochure.
How to participate/other details: Interested parties will need to sign up and obtain user ID and password on the portal https://etender.sbi as well as deposit documents. Processing Fee (Participation Fee) & EMD separately through online payments as per date mentioned in the online brochure.
The brochure containing details of plots procedure, terms and conditions of e-Auction is available on our website www.greaternoidaauthority.in and the web portal https://etender.sbi
It will be the sole responsibility of the bidder/participant to obtain a compatible computer terminal with Internet connection to enable him/her to participate in the e-biddingprocess for any reasons thereof. Authority reserves the right to accept or reject one or all the bids or cancel/ postpone the e-auction without assigning any reason.

Institutional Plots Scheme

| S. No. | Plot No. | Area of Plot (in Sqm.) | Use of Plots | Sector | Total Reserve Price (in ₹.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12B | 10000.00 | Higher Secondary School | KP-05 | 302,890,000/- |
| 2. | HS-12C | 6200.00 | Higher Secondary School | KP-05 | 183,427,000/- |
| 3. | HO-02 | 10005.00 | Hospital | MU | 351,765,795/- |
| 4. | HO-02 | 4439.50 | Hospital | 10 | 195,204,815/- |
| 5. | NH-01 | 2511.40 | Nursing Home | ETA-02 | 107,048,425/- |
| 6. | 34A & B | 2000.00 | Paramedical Institute/Training Institute | KP-01 | 59,942,000/- |
| 7. | 06 | 2000.27 | Vocational Training/ Educational Institute | TECHZONE-IV | 59,950,092/- |
| 8. | 07 | 2000.27 | Vocational Training/ Educational Institute | TECHZONE-IV | 59,950,092/- |
| 9. | 26 | 4000.39 | Vocational Training/ Educational Institute | TECHZONE-IV | 114,443,157/- |
| 10. | 27 | 4000.39 | Vocational Training/ Educational Institute | TECHZONE-IV | 114,443,157/- |
| 11. | 89 | 2001.00 | Vocational Training/ Educational Institute | KP-05 | 57,244,608/- |
| 12. | 34C | 1000.45 | Vocational Training/ Educational Institute | KP-01 | 29,984,487/- |

Plots clear from all encumbrances | Lease plans are ready | Possession within 30 days | Allotment will be made on "as is where is basis"

| Brochure Download & Registration Starts | Registration End Date & Time | Last Date of Registration, EMD, Processing Fee Deposit | Last Date of Final Submission of Documents | E-Auction Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| 24.10.2024 \| 3 PM | 14.11.2024 \| 5 PM | 16.11.2024 \| 5 PM | 18.11.2024 \| 5 PM | To be notified separately |

For corrigendum/addendum, please refer to website www.greaternoidaauthority.in
Don't miss the opportunity, please visit One Map Greater Noida for plot location details.

Greater Noida Industrial Development Authority
Plot No. 01, Knowledge Park-04, Greater Noida-201308, Distt.-Gautam Budh Nagar, (U.P.)
Helpline Center No. : 0120 2336046, 2336047, 2336048, 2336049
Ph.: 0120-2336030-33 | E-mail: authority@gnida.in | Website: www.greaternoidaauthority.in
Follow us on /OfficialGNIDA